चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ 7326
दिनांक : 22-10-2022

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित परास्नातक स्तर (एम०ए०, एम०काम०, एम०एस–सी०, एम०एस–सी० कृषि) के सत्र 2022–23 की विषम सेमेस्टर (दिसम्बर–2022) तृतीय एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की **बी०एस–सी० (कृषि)** तथा **बी०एस–सी० (गृह विज्ञान)** की विषम सेमेस्टर (तृतीय, पंचम एवं सप्तम) की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाओं तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित **एल०एल०एम०** एवं **एल–एल०बी० (त्रिवर्षीय)** तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठयक्रमों (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को छोड़कर) की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 22.10.2022 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन भरवाये जाने हैं। माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त कक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर भरवाने की तिथियाँ निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं :–

ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार प्रस्तावित हैं :–

01.	छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	**23.10.2022**
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**10.11.2022**
03.	परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि	**12.11.2022**
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**14.11.2022**

विशेष नोट :–

1. प्रथम सैमेस्टर परीक्षा फार्म/स्पेशल सम सैमेस्टर परीक्षा फार्म एवं वार्षिक प्रणाली की बैक पेपर परीक्षा के विषय में अलग से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।
2. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
3. समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित समस्त नियमो का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
4. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी का परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. समस्त महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सभी सम सेमेस्टरों के मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करायेंगे।
6. परीक्षायें करवाने का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार यथा समय विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

22/10

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौ० चरण सिंह वि०वि०, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ० चरण सिंह वि०वि० परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, मा० प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव/सहा० कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

सहा० कुलसचिव (परीक्षा)